# नयी चीनी मिलों को मिलेगी पर्याप्त बिजली

प्रदेश में कई चीनी मिलों की स्थापना होने जा रही है, साथ ही औद्योगीकरण की गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं, जिस कारण से विद्युत ऊर्जा की मांग में भी बढ़ोत्तरी स्वाभाविक है। इस मांग को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इण्डिया और राज्य सरकार के बीच संयुक्त उपक्रम गठित करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि विद्युत ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता की पारेषण और वितरण लाइनें उपलब्ध हों।

पावर ग्रिड कारपोरेशन और राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम के गठन से राज्य सरकार को अंशपूंजी की बचत तो होगी ही साथ ही पावर ग्रिड कारपोरेशन के अनुभव का लाभ भी मिल सकेगा। सरकार कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण इलाकों में बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित कराने पर जोर दे रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में 10 प्रतिशत से कम लाइन लॉस होने पर राज्य सरकार 24 घण्टे बिजली उपलब्ध कराएगी। विद्युत आपूर्ति के फीडर को भी अलग–अलग करके व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, बिजली की खपत कम करने के लिए प्रदेश सरकार स्ट्रीट लाइट्स की परम्परागत व्यवस्था के स्थान पर एल०ई०डी० स्ट्रीट लाइट के उपयोग को बढ़ाने के लिए गम्भीरता से काम कर रही है।

Dainik Jagran.

11/8/17